बिहार में 2023-24 में कर संग्रह में 18% की वृद्धि दर्ज की गई

चर्चा में क्यों?

वाणिज्यिक कर विभाग ने वर्ष 2022-23 की तुलना में **वित्तीय वर्ष 2023-24 में वस्तु एवं सेवा कर (GST)** संग्रह में 18.13% की वृद्धि देखी है।

मुख्य बिंदु:

- विभाग ने **मार्च में राज्य में 1,058 करोड़ रुपए का GST संग्रह किया**, जो पिछले सात वर्षों में सबसे अधिक है।
- **मार्च में एकत्रित 5,403.15 करोड़ रुपए का मासिक कुल राजस्व** अब तक किसी भी महीने में सबसे अधिक है।
- राज्य ने **वर्ष 2023-24 में GST और अन्य करों में कुल 38,161 करोड़ रुपए** का राजस्व एकत्र किया, जबकि 2022-23 वित्तीय वर्ष में 34,541 करोड़ रुपए था।
- विभाग के अनुसार, **सेवा क्षेत्र, GST ऑडिट, मुद्दा-आधारित निर्णय और कर चोरी के खिलाफ प्रवर्तन** निदेशालय की कार्रवाई पर विशेष ध्यान दिया गया।
- पंचायत स्तर पर आपूर्तिकर्ताओं को राज्य वस्तु एवं सेवा कर (SGST) के दायरे में लाया गया।

प्रवर्तन निदेशालय (ED)

- यह एक बहु-विषयक संगठन है जिसे मनी लॉन्ड्रिंग के **अपराधों और विदेशी मुद्रा कानूनों** के उल्लंघन की जाँच का अधिकार है।
- यह **वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग** के अंतर्गत कार्य करता है।
- **भारत सरकार की एक प्रमुख वित्तीय जाँच एजेंसी** के रूप में, प्रवर्तन निदेशालय भारत के संविधान और कानूनों के कड़ाई से अनुपालन में कार्य करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-records-18-percant-rise-in-tax-collection-in-2023-24